## न्यूज ब्रीफ

### गुड्स प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य पूरा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसी क्रम में, नकहा जंगल गुड्स शेड, गोरखपुर के गुड्स प्लेटफॉर्म संख्या-9 के नवीनीकरण एवं निर्माण का कार्य पूरा कर कमीशन कर दिया गया है। इस प्लेटफॉर्म की लम्बाई को 690 मीटर से बढ़ाकर 750 मीटर तथा चौड़ाई 20 मीटर की गई है। नकहा जंगल गुड्स शेड के प्लेटफॉर्म का निर्माण हेवी लोडेड ट्रकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि सतह में किसी भी प्रकार की क्षति न हो। इससे माल के लोडिंग एवं अनलोडिंग में तेजी आयेगी।

### आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, किशोर की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार–बिड़हरघाट मार्ग पर नेतवापुर पेट्रोल पंप के निकट शनिवार देर शाम दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर में एक किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवा निवासी 18 वर्षीय अंकित कुमार पुत्र अर्जुन किसी कार्य से नेतवापुर स्थित पेट्रोल पंप गया था। इसी दौरान बिड़हरघाट की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों में चीख–पुकार मच गई और अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया।

# भारतीय समाज में अविवाहित बेटी का गर्भवती होना दुःस्वप्न के समान

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाहजहांपुर में नाबालिग बेटी और किरायेदार युवक की गला दबाकर हत्या करने वाले दंपत्ति की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि भारतीय समाज में अविवाहित बेटी का गर्भवती होना एक दुःस्वप्न जैसा माना जाता है, जो माता-पिता की तीव्र और कई बार हिंसक प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है। ऐसी स्थिति सामाजिक शर्मिंदगी उत्पन्न करती है और उससे बचने के लिए लोग कभी-कभी अवैध उपाय भी अपना सकते हैं।

मौजूदा मामले में अभियुक्त भारतीय समाज के साधारण और मध्यम वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहाँ ऐसी परिस्थितियों में अत्यधिक प्रतिक्रिया असामान्य नहीं होती, इसलिए यह परिस्थिति अभियुक्तों के खिलाफ हत्या का मजबूत कारण स्थापित करती है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने सीमा गुप्ता की आपराधिक अपील तथा मुकेश गुप्ता की जेल अपील को खारिज करते हुए दिया और सीमा गुप्ता को दो सप्ताह में आत्मसमर्पण का निर्देश दिया।

हालांकि अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि घटना किसी प्रत्यक्षदर्शी के अभाव में केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। पोस्टमार्टम में शरीर पर किसी तरह के अन्य घावों की पुष्टि न होने से आत्महत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा मुकेश गुप्ता ने घटना के समय बाहर होने का साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है। अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष चिकित्सीय अनुमानों के अनुसार स्व गला दबाकर आत्महत्या करने की भी संभावना जताई।

हालांकि कोर्ट ने उक्त सभी तथ्यों को खारिज करते हुए कहा कि स्व गला दबाकर आत्महत्या अत्यंत दुर्लभ होती है और इसके लिए विशेष साधनों की आवश्यकता भी होती है जो घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। इसके साथ ही आरोपियों ने अपने घर के अंदर हुए दोहरे हत्याकांड के बारे में कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण भी नहीं दिया जो उनके विरुद्ध मजबूत संदेहास्पद पृष्ठभूमि तैयार करता है।

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूर्ण और अखंड श्रृंखला केवल आरोपियों के अपराध की ओर ही संकेत करती है। अतः कोर्ट ने अपीलकर्ताओं को संदेह का लाभ न देते हुए दोनों अपीलें खारिज कर दीं।

### सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की अवहेलना पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सात वर्ष से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी को अवैध ठहराते हुए यूपी पुलिस अधिकारियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उनके आचरण से प्रतीत होता है कि उन्हें "देश के कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है।" कोर्ट ने रिहाई के स्पष्ट आदेश के बावजूद लगभग 20 घंटे की देरी पर भी गंभीर आपत्ति जताई। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने सचिन आर्य उर्फ सचिन भारतीय द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। बता दें कि याची को प्रयागराज के धूमनगंज थाने की पुलिस ने शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 3 व 25(1-बी)(ए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने पाया कि दोषसिद्ध अपराधों में अधिकतम सजा पांच वर्ष है, इसलिए गिरफ्तारी से पहले नोटिस देना आवश्यक था। कोर्ट ने सतेंद्र कुमार अंतिल के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों तथा बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस की अनिवार्यता का पालन किए बिना गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। इन प्रावधानों का उल्लंघन होने से गिरफ्तारी प्रथम दृष्टया अवैध पाई गई। 12 फरवरी को कोर्ट ने आदेश की प्रमाणित प्रति की प्रतीक्षा किए बिना याची को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया, लेकिन उसे अगले दिन सुबह लगभग 8:40 बजे छोड़ा गया। इस पर कोर्ट ने कहा कि संबंधित एसएचओ और प्रभारी उपनिरीक्षक का आचरण सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना के समान है। कोर्ट ने अधिकारियों की बिना शर्त माफी अस्वीकार करते हुए पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**न्यायिक अधिकारी के आदेश की अवहेलना कानून को चुनौती देने के समान : प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारी द्वारा पारित आदेशों की अवहेलना के मामले में कहा कि न्यायिक अधिकारी अपने न्यायिक कार्य का निर्वहन करते समय जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रमुख और यहां तक कि राज्य के राजनीतिक प्रमुख से भी ऊपर होता है। उसके आदेश की अवहेलना किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायिक आदेशों की अवहेलना न केवल अवमानना है, बल्कि कानून के अधिकार को प्रत्यक्ष चुनौती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने ललितपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित एसएचओ और जांच अधिकारी को अवमानना का दोषी ठहराते हुए अदालत के उठने तक कोर्ट कक्ष में हिरासत में रखने का आदेश दिया।

# अनियंत्रित बस पलटी, 24 लोग घायल

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर



बूधाकला गांव के पास गड्ढे में पलटी बस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ से गोरखपुर जा रही अवध डिपो की पिंक बस रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बूधाकला गांव के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पहले एक बाइक को टक्कर मार दी, फिर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि, बस में सवार करीब 24 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, अवध डिपो की पिंक बस 43 यात्रियों को लेकर लखनऊ से गोरखपुर जा रही थी। बूधा कला चौराहे के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई और बाइक को घसीटते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी।

हादसे में कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के नहसापार गांव निवासी विशाल (18) पुत्र धर्मेंद्र चौरसिया तथा केरमुआ गांव निवासी प्रेम (18) पुत्र स्वर्गीय कृष्णा गौंड गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। वहीं, बस में सवार सुधांशु मणि त्रिपाठी पुत्र अशोक मणि निवासी कसया (कुशीनगर), प्रदीप चतुर्वेदी पुत्र शिव नारायण, अन्वेषा गुप्ता पुत्री राकेश कुमार निवासी पादरी बाजार (गोरखपुर), नेहा मद्धेशिया पुत्री संजय मद्धेशिया निवासी रामकोला (कुशीनगर), नीरज पुत्र रामआश्रय निवासी इंजीनियरिंग कॉलेज (गोरखपुर) समेत करीब दो दर्जन यात्री घायल बताए गए।

# पुलिस ने बरामद किया आठ क्विंटल लहन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धनघटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 08 कुंतल लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। अभियान से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। थाना धनघटा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सघन चेकिंग व तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक राज किशोर पटेल की संयुक्त टीम तथा चौकी प्रभारी लोहरैया उपनिरीक्षक हरिकेश भारती मय पुलिस बल के साथ ग्राम घोरांग में दबिश दी गई। चेकिंग के दौरान बांस की खूटियों व झाड़ियों के बीच जमीन के अंदर छुपाकर रखे गए भारी मात्रा में लहन (करीब 08 कुंतल) तथा लहन तैयार करने के उपकरण व बर्तन बरामद किए गए। बरामद सामग्री को नियमानुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

### होली देती है प्रेम और भाईचारे का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** होली केवल रंगों और उमंग का त्योहार नहीं है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाला एक प्रमुख पर्व है। यह त्योहार प्रेम और भाईचारा का सन्देश देता है। जो लोगों को जाति धर्म और वर्ग भेदों से ऊपर उठकर एक रंग में रंग देता है। उक्त बातें अपना दल (एस) के नेता अनिल चौधरी (शिमं) ने कहीं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सौहार्द का प्रतीक है। इसे सभी जाति वर्ग के लोग मिलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप मानते हैं। हमें होली के पवित्र सन्देशों को अपनाते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना चाहिए। कहा कि सभी को आपसी द्वेष भूलकर प्रेम से पर्व मनाना चाहिए।

# नेहा का महिला टीम में चयन होने से हर्ष

संवाददाता सिद्धार्थनगर



टीम में चयनित खिलाड़ी नेहा गौड़।

**अमृत विचार।** होनहार खिलाड़ी नेहा गौड़ राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश महिला टीम में चयन होने से जिले में खुशी की लहर है। यह चयन बीते शनिवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित ट्रायल के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ी तीन मार्च से 12 मार्च तक वाराणसी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 15 से 20 मार्च तक ओडिशा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम अपना दमखम दिखाएगी। वॉलीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला ओलंपिक संघ के सचिव मो. इब्राहिम ने बताया कि कानपुर के ग्रीन पार्क में यूथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए महिला वर्ग की टीम का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया। ट्रायल में प्रदेश भर से 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ी तीन मार्च से 12 मार्च तक वाराणसी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 15 से 20 मार्च तक ओडिशा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम अपना दमखम दिखाएगी। शहर से सटे भीमापार निवासी नेहा गौड़ के चयन को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जनपद के वॉलीबॉल कोच ईशांक सिंह ने बताया कि नेहा ने ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर चयनकर्ताओं ने उन्हें प्रदेश टीम में स्थान दिया। नेहा की इस उपलब्धि पर जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव समेत खेल जगत से जुड़े देवेंद्र पांडेय, सोनू गुप्ता, रत्नेश सिंह, अरविंद गुप्ता, दौलत बाबू गुप्ता, सुमन सिंह, राज लक्ष्मी चौधरी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# चरणबद्ध तरीके से निर्मित कराए जा रहे हैं समपार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** भारतीय रेल पर संरक्षा कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। ट्रेनों के निर्बाध संचलन एवं सड़क संरक्षा को ध्यान में रखकर समपारों को चरणबद्ध रूप में रोड ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज बनाकर समाप्त किया जा रहा है। इसी क्रम में, महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर द्वारा सड़क संरक्षा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के फलस्वरूप इस रेलवे के वाराणसी मंडल के कच्छवा रोड स्टेशन यार्ड में समपार संख्या 20 'स्पेशल' पर निर्माणाधीन आरओबी का कार्य निर्धारित समयावधि से 04 माह पूर्व पूरा कर लिया गया है। इस आरओबी का निर्माण होने से वाराणसी से मिर्ज़ापुर, चुनार, विन्ध्याचल के लिये एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी उपलब्ध हो गई तथा यात्रा दूरी में कमी आई है। समपारों पर दुर्घटनायें समाप्त होने से सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके अतिरिक्त महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर द्वारा सड़क संरक्षा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के फलस्वरूप वाराणसी मंडल के ही कादीपुर एवं सारनाथ स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 12 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# होली को देखते हुए बढ़ेगा ट्रेनों का फेरा



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु 05741/05742 किशनगंज-लालकुआँ-किशनगंज वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन किशनगंज से 05 से 26 मार्च, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा लालकुआं से 06 से 27 मार्च, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05741 किशनगंज-लालकुआँ होली विशेष गाड़ी 05 से 26 मार्च, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को किशनगंज से 08.30 बजे प्रस्थान कर अलुआबाड़ी रोड से 09.02 बजे, ठाकुरगंज से 09.50 बजे, अररिया से 12.04 बजे, फारबिसगंज से 12.45 बजे, ललितग्राम से 13.40 बजे, राघोपुर से 14.02 बजे, झंझारपुर से 15.42 बजे, शिशो से 17.42 बजे, सीतामढ़ी से 19.05 बजे, रक्सौल से 21.20 बजे, नरकटियागंज से 22.50 बजे, दूसरे दिन कप्तानगंज से 01.35 बजे, गोरखपुर से 02.55 बजे, गोंडा से 05.40 बजे, सीतापुर जं. से 09.15 बजे, लखीमपुर से 10.02 बजे, गोला गोरकर्णनाथ से 10.35 बजे, मैलानी से 11.30 बजे, पूरनपुर से 12.25 बजे, पीलीभीत से 13.45 बजे, भोजीपुरा से 15.20 बजे, बहेड़ी से 15.52 बजे तथा किच्छा से 16.17 बजे छूटकर लालकुआँ 16.55 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05742 लालकुआँ-किशनगंज होली विशेष गाड़ी 06 से 27 मार्च, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआँ से 20.10 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 20.35 बजे, बहेड़ी से 20.57 बजे, भोजीपुरा से 22.00 बजे, पीलीभीत से 23.00 बजे, दूसरे दिन पूरनपुर से 00.06 बजे, मैलानी से 01.05 बजे, गोला गोरकर्णनाथ से 01.27 बजे, लखीमपुर से 02.00 बजे, सीतापुर जं. से 02.55 बजे, गोंडा से 06.15 बजे, गोरखपुर से 09.25 बजे, कप्तानगंज से 10.17 बजे चलेगी।

# तीन लाइनमैन बर्खास्त दो एसएसओ हटाए गए

- अवैध लाइन शिफ्टिंग के मामले पर की गयी कार्रवाई

**नवाबगंज, गोंडा :** विद्युत वितरण खंड नवाबगंज के अंतर्गत बिजली विभाग में सामने आई अनियमितता पर विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। जांच में सात विद्युत खंभों पर अवैध रूप से 11 केवी लाइन शिफ्ट किए जाने की पुष्टि होने पर तीन संविदा लाइनमैनों की सेवा समाप्त कर दी गई, जबकि दो संविदा एसएसओ को उनके पद से हटाकर अन्यत्र तैनात कर दिया गया है। मामला 33/11 विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत तुलसीपुर मांझा क्षेत्र के 894 कोसी परिक्रमा मार्ग पर निर्माणाधीन एक प्लांट से जुड़ा है। आरोप है कि प्लांट के लिए 11 केवी लाइन को बिना विभागीय स्वीकृति स्थानांतरित कर दिया गया। शिकायत मिलने के बाद मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि लाइन निर्माण व शिफ्टिंग में नियमों की अनदेखी की गई। समिति ने पूरे कार्य को अवैध करार दिया। रिपोर्ट के आधार पर संलिप्त पाए गए संविदा लाइनमैन सुग्रीव सिंह, रामबाबू और अशोक की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं।

### भारत-नेपाल सीमा रात 12 बजे से सील

**रूपईडीहा, बहराइच।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में आगामी संसदीय चुनाव को लेकर भारत–नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिरीक्षक रतन संजय ने सीमा क्षेत्र रूपईडीहा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का विधिवत जायजा लिया। आईजी रतन संजय ने सीमा पर पहुंचकर एसएसबी अधिकारियों के साथ बैठक की और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण करते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों, स्कैनर मशीनों तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली को परखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के प्रत्येक पहलू की गहन समीक्षा करते हुए सीमा सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने स्पष्ट किया कि 2 मार्च की रात 12 बजे से भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया जाएगा।

# शिक्षा मित्रों की समस्याओं पर मंथन

बैठक

संवाददाता सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जोगिया में आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती, शिक्षा मित्रों की लंबित समस्याओं के समाधान तथा मानदेय भुगतान प्रक्रिया को सुचारु एवं समयबद्ध बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा मित्रों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि सभी सदस्य सक्रिय रूप से संगठन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे और आपसी समन्वय बनाए रखेंगे, तो समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से कराया जा सकेगा। बैठक में विशेष रूप से मानदेय भुगतान में होने वाली देरी पर चर्चा की गई। इस संदर्भ में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 23 तारीख तक सभी आवश्यक मानदेय प्रपत्र अनिवार्य रूप से बीएसए कार्यालय तक पहुंचाए जाएं। जिला मंत्री श्याम बिहारी चौधरी ने कहा कि यदि कागजी कार्यवाही समय से पूरी होगी तो भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब की संभावना कम होगी। इसके लिए सभी शिक्षा मित्रों को अपने-अपने विद्यालय स्तर पर आवश्यक दस्तावेज समय से तैयार कर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने मानदेय बढ़ोत्तरी पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने, अनुशासन बनाए रखने और शिक्षा मित्रों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में ओम प्रकाश साहनी, घनश्याम गुप्ता, राजकुमार, यार मुहम्मद, राकेश कुमार, जुगुल किशोर, अदालत प्रसाद, सूर्य प्रकाश, अजय कुमार, राधेश्याम, विजय कुमार, शिवपूजन, मेनका शर्मा, जय प्रकाश आदि रहे।

### राज्यसभा सांसद ने किया पार्क का लोकार्पण




पार्क का लोकार्पण करते राज्यसभा सांसद बृजलाल। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में 60 लाख की लागत से निर्मित पार्क का सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के साथ लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सांसद राज्यसभा बृजलाल को बुके देकर स्वागत किया गया। बृजलाल ने कहा कि मेरा ध्यान स्वास्थ्य को शिक्षा के प्रति रहता है। इसके अलवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नया भवन मेरी निधि से बना है। लाइब्रेरी मे बच्चो को पढ़ते हुए देखना अच्छा लगता है। कलेक्ट्रेट में पार्क बन जाने से लोगो को मॉर्निंग वॉक करने मे सुविधा होगी और सुंदर भी लग रहा है। काला नमक चावल की पैदावार की शुरुआत अंग्रेजो द्वारा किया गया था। आज काला नमक चावल की खुशबू विदेशों तक फैल रही है। इसको बुद्धा राइस नाम दिया गया है। इसमें मिलावट नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा पिछले 03 दिनों से जनपद में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी बहुत ही सक्रिय है। आपके निधि से कलेक्ट्रेट मे लाइब्रेरी बना है जिससे बच्चो को लाभ मिल रहा है। सांसद राज्यसभा एवं जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी व अन्य उपस्थित थे।

### पीएम श्री विद्यालय में मना वार्षिकोत्सव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उस्का बाजार विकास क्षेत्रांतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथिवडताल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और समूहगान शामिल रहे। बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मनोज कुमार साहनी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाध्यापक श्रीचंद ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गुलाब चंद्र, रूपेश सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उसका बाजार के ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, राम सेवक गुप्ता, अवनिंद्र बहादुर सिंह, रमेश, रामनरेश, प्रीति सिंह, बिंदू गौतम, शब्बीर अहमद, मु हनीफ आदि उपस्थित रहे।

आयोजन | काशी के पंडित गणेश्वर शास्त्री के साथ 51 आचार्य करेंगे अनुष्ठान

# अभिजीत मुहूर्त में होगी श्रीराम महायंत्र की स्थापना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नव संवत्सर व चैत्र शुक्ल नवरात्र प्रतिपदा 19 मार्च को राम मंदिर में भव्य आयोजन के साथ एक दिवसीय श्रीराम महायंत्र स्थापना अनुष्ठान संपन्न होगा। जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पहुंच रही हैं। इसके लिये परिसर को फूलों से सजाए जाने की तैयारी है।

राममंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम महायंत्र की स्थापना के लिए काशी के विद्वान ज्योतिषाचार्य पद्मभूषण पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ अयोध्या और काशी के 51 आचार्य की टोली के साथ इस कार्य को संपन्न करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 6 बजे से प्रारंभ होकर अभिजीत मुहूर्त में यंत्र की स्थापना की जाएगी। इसके बाद हवन-कुंड में आहुति देते हुए अनुष्ठान पूर्ण होगा। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगभग डेढ़ घंटे वहां पर रहेंगी।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि 19 मार्च के कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही हैं। समय से पूर्व सभी कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान पूरे परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा, फूलों के गेट बनाए जाएंगे। अब बहुत ही भव्यता के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदय का स्वागत होगा। मंदिर परिसर में अनुष्ठान का कार्यक्रम होगा। वहीं इस मंदिर निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले वर्करों को भी सम्मानित किया जाएगा।



राममंदिर के दूसरे तल पर सजा राम दरबार।

### चैत्र शुक्ल नवरात्र के प्रतिपदा से प्रारंभ होगा नव दिवसीय अनुष्ठान

चैत्र शुक्ल नवरात्र को लेकर राम मंदिर नव दिवस या अनुष्ठान भी किया जाएगा। पहले दिन कलश स्थापना के साथ नवाह पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ समेत अन्य आयोजन किए जायेंगे। इसके अलावा विविध ग्रंथों के पारायण एवं हवन–पूजन किया जाएगा। इसमें हर दिन अलग–अलग आचार्य के शामिल होने के लिए उत्तर–दक्षिण के विद्वान आचार्यों को आमंत्रित किया गया है। यह अनुष्ठान पेजावर पीठाधीश्वर जगतगुरु माधवाचार्य स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ के निर्देशन में संपन्न होगा।

# अंग्रेजी व देसी शराब की बिक्री पर प्रतिबंध जारी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों की शनिवार शाम को आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में आबकारी टीम ने स्टॉक और बिक्री रजिस्टर की गहनता से जांच की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व के दिन शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। शराब की बिक्री करने वाले किसी भी अनुज्ञापी ने चोरी छिपे अधिक दामों पर शराब की बिक्री नहीं करेगा। शिकायत मिली तो सम्बन्धित अनुज्ञापी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने नेपाली शराब की तस्करी रोकथाम के लिए एसएसबी जवानों संग बढ़नी कोटिया व खुनुवां सीमावर्ती क्षेत्रों में नेपाल की तरफ आने वालों की गहनता तलाशी ली। शोहरतगढ़-बढ़नी हाइवे मार्ग पर स्थित होटल व ढाबों की चेकिंग किया गया। उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि शराब की बिक्री न होने पाए।

